NCERT
National Council Of Educational Research And Training

NCERT Solutions for 8th Class Hindi Durva: Chapter 8-सस्ते का चक्कर (एंकाकी)

IndCareer
Schools

indCareer indCareer indCareer

# NCERT Solutions for 8th Class Hindi Durva: Chapter 8-सस्ते का चक्कर (एंकाकी)

Class 8: Hindi Durva Chapter 8 solutions. Complete Class 8 Hindi Durva Chapter 8 Notes.

## NCERT Solutions for 8th Class Hindi Durva: Chapter 8-सस्ते का चक्कर (एंकाकी)

NCERT 8th Hindi Durva Chapter 8, class 8 Hindi Durva Chapter 8 solutions

**Page No 57:**

**Question 1:**

https://www.indcareer.com/schools/ncert-solutions-for-8th-class-hindi-durva-chapter-8-saste-ka-chakkar-enkaki/

(क) नरेंद्र के सारे पैसे क्यों खत्म हो गए?

(ख) अजय ने नरेंद्र को क्या और क्यों समझाया?

(ग) अजय के अन्य दोस्तों ने नरेंद्र के बारे में क्या कहा और क्यों?

**ANSWER:**

(क) नरेंद्र के पैसे चूरन, चुस्की और आइसक्रीम ले लेने में खर्च हो गए।

(ख) अजय ने समझाया कि यह लाली पॉप ठीक नहीं है। लाली पॉप बेचनेवाला या तो इसे चुराकर लाया है या खराब माल कहीं से उठा लाया है। तभी इतने सस्ते में बेच रहा है।

(ग) अजय के अन्य दोस्तों ने अजय से कहा कि नरेंद्र के फेर में न पड़े। वह तो ऐसा ही लड़का है क्योंकि अक्सर वह क्लास से बाहर रहता था। उसे बाहर के खाने-पीने की आदत भी थी।

**Page No 57:**

**Question 2:**

(क) अगर नरेंद्र के पास फ़ीस के पैसे न होते?

(ख) अगर नरेंद्र अजय की यह बात मान लेता कि इस आदमी से लाली पॉप लेना बिल्कुल ठीक नहीं?

(ग) अगर अजय तीसरे लड़के की यह बात मान लेता कि "अरे तू घर जा नरेंद्र को जानता नहीं?"

(घ) अगर नरेंद्र की मुलाकात छुट्टी के बाद अजय से नहीं होती?

**ANSWER:**

(क) अगर नरेंद्र के पास पैसे नहीं होते तो वह लाली पॉप वाले के पास नहीं जाता।

(ख) अगर नरेंद्र अजय की बात मान लेता तो वह बदमाश उसे उठाकर नहीं ले जाता।

(ग) अगर अजय तीसरे लड़के की बात मान लेता तो नरेंद्र कभी नहीं मिलता क्योंकि बदमाश भाग जाता और पकड़ा भी नहीं जाता।

(घ) अगर नरेंद्र की मुलाकात छुट्टी के बाद अजय से नहीं होती तो अजय को मालुम नहीं होता कि नरेंद्र लाली पॉप वाले के पीछे गया है।

NCERT 8th Hindi Durva Chapter 8, class 8 Hindi Durva Chapter 8 solutions

**Page No 57:**

**Question 3:**

"नरेंद्र ज़रा शरारती है न इसी से डर लग रहा है।"

(क) नरेंद्र की माँ रेखा अजय की माँ से ऐसा क्यों कहती है?

(ख) नरेंद्र में ऐसा कौन-सा गुण होता जिससे उसकी माँ नहीं डरती और अजय की माँ से यह नहीं कहती कि नरेंद्र ज़रा शरारती है।

"घबराइए नहीं, रेखा जी–देखिए मेरा बेटा भी तो है लेकिन अजय पर तो मुझे पूरा विश्वास है"

(ग) अजय की माँ नरेंद्र की माँ से ऐसा क्यों कहती है?

**ANSWER:**

(क) नरेंद्र ने ड्रामे में पार्ट भी नहीं लिया था फिर भी वह देर से घर पहुँचता था। पैसे खर्च कर देता था। पढ़ाई में भी ध्यान कम देता था इसलिए नरेंन्द्र की माँ को डर लग रहा था।

(ख) यदि वह समय पर घर पहुँचता, झुठ नहीं बोलता, बेकार खेल कूद में अपना समय नहीं गंवाता तो नरेंद्र की माँ नहीं डरती और अजय की माँ से यह नहीं कहती कि नरेंद्र शरारती है।

(ग) अजय की माँ को अजय पर भरोसा था। वह मेहनती और बहादुर बच्चा था। फिर उनकी तबीयत भी ठीक नहीं थी इसलिए अजय की माँ नरेंद्र की माँ से कहा कि वे न घबराएँ।

**Page No 58:**

**Question 4:**

पढ़ने-लिखने या अन्य काम करने के लिए भी अच्छे स्वास्थ्य का होना ज़रूरी है। इसलिए लोग सैर-सपाटा और खेल-तमाशे पर भी ध्यान देते हैं। अब तुम बताओ कि

(क) तुम या तुम्हारे दोस्त सैर-सपाटे के लिए क्या-क्या करते हैं?

(ख) तुमने अब तक जिन-जिन खेल-तमाशों में भाग लिया है या उसे देखा है, उसकी सूची बनाओ।

**ANSWER:**

(क) हम सैर सपाटे के लिए स्कूल की घास पर दौड़ते हैं, शाम को गार्डन भी जाते हैं।

(ख) फुटबाल, कैरम, लुडो, क्रिकेट, छोटे नाटक, साइकिलिंग, नाच-गाने आदि।

**Page No 58:**

**Question 5:**

"मैंने सोचा मम्मी तो रोज़ मुझे चाय-नाश्ता कराती है, आज मैं घर जल्दी पहुँचकर उसे चाय बनाकर पिलाऊँ।"

ऊपर के वाक्य को पढ़ो और बताओ कि–

(क) क्या तुम चाय बनाना जानते हो? और क्या-क्या बनाना जानते हो?

(ख) अगर तुम अपने खाने-पीने की कोई भी चीज़ बनाना नहीं जानते तो तुम्हें जो चीज़ सबसे अधिक पसंद हो, उसको बनाना सीखो और उसकी विधि को लिखकर बताओ।

**ANSWER:**

(क) हाँ मैं चाय बनाना जानता हूँ। मैगी भी बना सकता हूँ।

(ख) मुझे मैगी बहुत पसंद है। उसे बनाने के लिए पानी उबलने के लिए रखें। जब पानी उबल जाए तो उसमें पैकेट में से मैगी मसाला डालें। फिर मैगी डाले और दो मिनट तक उबालें। उबल जाने पर उतार दें। फिर गरम-गरम परोसें।

NCERT 8th Hindi Durva Chapter 8, class 8 Hindi Durva Chapter 8 solutions

**Page No 58:**

**Question 7:**

नीचे कुछ वाक्य दिए गए हैं जिनमें उपयुक्त मुहावरे भरने से ही वह पूरा हो सकता है। उन्हें पूरा करने के लिए मुहावरे भी दिए गए हैं। तुम सही मुहावरे से वाक्य पूरे करो।

आग बबूला होना, सकपकाना, दबे पाँव, शामत आना, पीठ ठोकना

(क) चोर ................ घर में घुस आया।

(ख) देर से आने पर मम्मी ................ गईं।

(ग) सरसराहट की आवाज़ सुनकर अजय ................।

(घ) ऊधम मचाने पर बच्चों की ................।

(ङ) नरेंद्र की जान बचाने पर उसकी मम्मी ने अजय की ................।

**ANSWER:**

(क) चोर दबे पाँव घर में घुस आया।

(ख) देर से आने पर मम्मी आग बबूला हो गईं।

(ग) सरसराहट की आवाज़ सुनकर अजय सकपकाया।

(घ) ऊधम मचाने पर बच्चों की शामत आ गई।

(ङ) नरेंद्र की जान बचाने पर उसकी मम्मी ने अजय की पीठ ठोकी।

**Page No 58:**

**Question 6:**

नीचे तालिका दी गई है। पता करो कि खाने की उन चीज़ों में कौन से पोषक तत्व होते हैं। उसे तालिका में लिखो।

| क्रम सं. | खाने की चीज़ों | पोषक तत्व |
|---|---|---|
| (क) | पालक | ................. |
| (ख) | गाजर | ................. |
| (ग) | दूध | ................. |
| (घ) | संतरा | ................. |
| (ङ) | दालें | ................. |

**ANSWER:**

| क्रम सं. | खाने की चीज़ों | पोषक तत्व |
|---|---|---|
| (क) | पालक | आयरन |
| (ख) | गाजर | आयरन व विटामिन सी |
| (ग) | दूध | प्रोटीन व विटामिन सी |
| (घ) | संतरा | विटामिन सी |
| (ङ) | दालें | प्रोटीन |

NCERT 8th Hindi Durva Chapter 8, class 8 Hindi Durva Chapter 8 solutions

**Page No 59:**

**Question 8:**

तुम्हारे स्कूल में जो गतिविधि कराई जाती हो और वह इस तालिका में हो तो उसके सामने ( ✓ ) या ( ✗ ) का निशान लगाओ।

| क्रम सं. | गतिविधि | ✓ या ✗ |
|---|---|---|
| (क) | नाटक | ................. |
| (ख) | खेल-कूद | ................. |
| (ग) | गीत-संगीत | ................. |
| (घ) | नृत्य | ............... |

| | | |
|---|---|---|
| | | .. |
| (ङ) | चित्रकला | ............... .. |

**ANSWER:**

| क्रम सं. | गतिविधि | ✓ या ✗ |
|---|---|---|
| (क) | नाटक | ✓ |
| (ख) | खेल-कूद | ✓ |
| (ग) | गीत-संगीत | ✓ |
| (घ) | नृत्य | ✓ |
| (ङ) | चित्रकला | ✓ |

# Chapterwise NCERT Solutions for Class 8 Hindi Durva :

- Chapter 1 -गुड़िया कविता
- Chapter 2-दो गौरेया (कहानी)
- Chapter 3-चिट्ठियों में यूरोप (पत्र)
- Chapter 4-ओस (कविता)
- Chapter 5-नाटक में नाटक (कहानी)
- Chapter 6-सागर यात्रा (यात्रा वृत्तांत)
- Chapter 7- उठ किसान ओ (कविता)
- Chapter 8-सस्ते का चक्कर (एंकाकी)
- Chapter 9-एक खिलाडी की कुछ यादें (संस्मरण)
- Chapter 10-बस की सैर (कहानी)
- Chapter 11-हिन्दी ने जिनकी जिंदगी बदल दी (भेंटवार्ता)
- Chapter 12-आषाढ़ का पहला दिन (कविता)
- Chapter 13-अन्याय के खिलाफ(कहानी)
- Chapter 14-बच्चों के प्रिय श्री केशव शंकर पिल्लै (व्यक्तित)
- Chapter 15-फ़र्श पर (कविता)
- Chapter 16-बूढ़ी अम्मा की बात (लोककथा)
- Chapter 17-वह सुबह कभी तो आएगी(निबंध)

https://www.indcareer.com/schools/ncert-solutions-for-8th-class-hindi-durva-chapter-8-saste-ka-chakkar-enkaki/

# About NCERT

The National Council of Educational Research and Training is an autonomous organization of the Government of India which was established in 1961 as a literary, scientific, and charitable Society under the Societies Registration Act.  The major objectives of NCERT and its constituent units are to: undertake, promote and coordinate research in areas related to school education; prepare and publish model textbooks, supplementary material, newsletters, journals and develop educational kits, multimedia digital materials, etc.Organise pre-service and in-service training of teachers; develop and disseminate innovative educational techniques and practices;collaborate and network with state educational departments, universities, NGOs and other educational institutions; act as a clearing house for ideas and information in matters related to school education; and act as a nodal agency for achieving the goals of Universalisation of Elementary Education.In addition to research, development, training, extension, publication and dissemination activities, NCERT is an implementation agency for bilateral cultural exchange programmes with other countries in the field of school education.Its headquarters are located at Sri Aurobindo Marg in New Delhi. Visit the Official NCERT website to learn more.